C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में रविवार
सायं 6:38 बजे




सूर्योदय
उत्तराखण्ड में सोमवार
सुबह 5:46 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 15 अंक 262 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | रविवार, 14 अप्रैल 2024

सात हजार लोगों के ऑडिशन...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### यमुना नदी में डूबे दोस्त के जन्मदिन पर पिकनिक मनाने गए दो युवक

**देहरादून।** आठ-नौ युवक पिकनिक मनाने गए थे। तभी दो युवक ट्यूब लेकर नदी में दूर तक चले गए। वहां संतुलन बिगड़ने से दोनों डूब गए। देहरादून के विकासनगर में शनिवार को यमुना नदी में डूबने से दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस, जल पुलिस और एसडीआरएफ के जवानों ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर शवों को बाहर निकाला। पुलिस ने दोनों शवों को मोर्चरी में रखवा दिया है। रविवार को पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के अनुसार, मृतक लांघा रोड स्थित टाल ब्रोश कंपनी में काम करते थे। कंपनी के आठ-नौ युवक शनिवार की दोपहर करीब कटापत्थर के निकट डुमेट आश्रम के समीप नदी किनारे पिकनिक मनाने आए थे। इनमें से एक का जन्मदिन था। यहां पहले से ही कुछ स्थानीय युवक नहा रहे थे। जिनसे ट्यूब लेकर दो युवक एक-एक कर पानी में उतर गए। गहरे पानी में जाने के बाद दोनों पानी में डूब गए।

### स्याल्दे बिखोती मेले में झोड़ा, चांचरी की धूम

**अल्मोड़ा।** पाली पछांऊ के ऐतिहासिक स्याल्दे बिखोती मेले के दूसरे दिन झोड़ा, चांचरी की धूम रही। इस दौरान आल, गरख और नौज्यूला धड़े के लोगों ने 11 जोड़ी नगाड़े-निशान के साथ ओड़ा भेटने की परंपरा उत्साह के साथ निभाई। स्याल्दे बिखोती मेले के दूसरे दिन आयोजित बटपुजे मेले का शुभारंभ विधायक मदन बिष्ट, पूर्व विधायक पुष्पेश त्रिपाठी और कंचन रावत ने संयुक्त रूप से किया। बिष्ट ने कहा यह ऐतिहासिक मेला हमारी संस्कृति को सहेजने का काम कर रहा है। इस दौरान रणां, कुई, कोटीला, बूंगा, बेढ़ूली, किरौला फाट, सलना, बसेरा, असगोली, गुपटली और वलना के लोग 11 जोड़ी नंगाड़े और निशानों के जोशीले अंदाज में ओड़ा स्थल तक पहुंचे।

# पश्चिमी यूपी समेत प्रदेश में आज भी बारिश-ओलावृष्टि के आसार

**हल्द्वानी/देहरादून**
हमारे संवाददाता

मौसम विभाग ने अलीगढ़, अमरोहा, बागपत, बिजनौर, बुलंदशहर, जी.बी.नगर, गाजियाबाद, हापुड़, मथुरा, मेरठ, संभल जिलों और आसपास के इलाकों में कई स्थानों पर गरज के साथ ओलावृष्टि होने की संभावना जताई है। सुबह से कई स्थानों पर बादल छाए हैं।

प्रदेश का मौसम बदल गया है। बारिश, तेज हवा के साथ ओलावृष्टि का दौर शनिवार के बाद रविवार को भी जारी है। पश्चिमी यूपी में आज कई स्थानों पर गरज के साथ ओलावृष्टि होने की संभावना है। सुबह से हवा चलने के साथ ही आसमान में बादल छाए हैं। मौसम विभाग ने अलीगढ़, अमरोहा, बागपत, बिजनौर, बुलंदशहर, जी.बी.नगर, गाजियाबाद, हापुड़, मथुरा, मेरठ, संभल जिलों और आसपास के इलाकों में कई स्थानों पर गरज के साथ ओलावृष्टि होने की संभावना जताई है। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से प्रदेश में कहीं बारिश तो कहीं तेज हवा का दौर शुरू हो गया है। शनिवार को झांसी और आसपास के इलाकों में ओलावृष्टि हुई थी। वहीं इटावा, गाजीपुर, हरदोई, हमीरपुर, कानपुर और आसपास भी बरसात रिकॉर्ड हुई है। मौसम विभाग ने रविवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।

मौसम सुहावना होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। पिछले कई दिनों से लोग गर्मी और उमस से बेहाल थे। बारिश और ओलावृष्टि से तापमान में गिरावट दर्ज हुई है। लगातार दूसरे दिन मौसम सुहावना होने से लोगों को राहत बनी हुई है। मौसम के इस बदलाव से शहरी निवासियों के लिए मौसम जरूर सुहावना हो सकता है लेकिन यह बदलाव फसल के लिए उचित नहीं है। गेहूं की कटती फसल के साथ आम के लिए भी यह ओलावृष्टि नुकसानदायक साबित होगी।



### कुल्लू-लाहौल की पहाड़ियों पर बर्फबारी

हिमाचल प्रदेश में ऑरेंज अलर्ट के बीच शनिवार को कुल्लू और लाहौल की पहाड़ियों पर बर्फबारी हुई। राजधानी शिमला में दिन भर बादल छाए रहे। रविवार को प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में बारिश, बर्फबारी और अंधड़ का ऑरेंज अलर्ट जारी हुआ है। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से 16 अप्रैल तक प्रदेश में मौसम खराब बने रहने का पूर्वानुमान है।

भाजपा का घोषणापत्र जारी

# मुफ्त राशन योजना अगले पांच वर्षों तक जारी रहेगी: पीएम मोदी

**नई दिल्ली**
एजेंसी

भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र जारी किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में पार्टी मुख्यालय में भाजपा का घोषणापत्र जारी किया गया। केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में 27 वरिष्ठ नेताओं की एक समिति बनाई गई। इसी समिति ने घोषणापत्र तैयार किया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इस समिति की संयोजक हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा का चुनावी घोषणा पत्र संकल्प पत्र जारी होने पर कहा, बीते वर्षों में करोड़ों लोगों को उद्यमी बनाने का काम मुद्रा योजना ने किया है...इस सफलता को देखते हुए भाजपा ने एक और संकल्प लिया है। अब तक मुद्रा योजना के तहत लोन की सीमा 10 लाख रुपये हुआ करती थी। अब भाजपा ने इसे बढ़ाकर 20 लाख रुपये करने का इरादा किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, यह मोदी की गारंटी है कि मुफ्त राशन योजना अगले 5 साल तक जारी रहेगी। घोषणापत्र जारी करने के बाद पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि, पूरे देश को भाजपा के संकल्प पत्र का बहुत इंतजार रहता है। इसका एक बड़ा कारण है। 10 वर्षों में भाजपा ने अपने संकल्प पत्र के हर बिंदु को गारंटी के रूप में जमीन पर उतारा है। भाजपा ने घोषणापत्र की सूचिता को फिर स्थापित किया है। ये संकल्प पत्र विकसित भारत के 4 मजबूत स्तंभ, युवा शक्ति, नारी शक्ति, गरीब, किसान, इन सभी को सशक्त करता है...इस संकल्प पत्र में अवसरों की मात्रा और अवसरों की गुणवत्ता पर जोर दिया गया है। घोषणापत्र जारी करने के बाद केंद्रीय योजनाओं के कुछ लाभार्थियों को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया।

राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में कहा है कि हम जो कहते हैं, वो हम करते हैं। यही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। हमने अनुच्छेद 370 समाप्त करने का वादा किया, महिलाओं को संसद में आरक्षण का वादा किया, उसे पूरा किया। राम मंदिर निर्माण का वादा किया था, आज नौ एकड़ में भव्य राम मंदिर स्थापित हो चुका है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा अभी पार्टी कार्यकर्ताओं, नेताओं को संबोधित कर रहे हैं।




# लोकसभा चुनाव ड्यूटी में लगी रोडवेज बसें, यात्रियों को हो रही परेशानी

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

लोकसभा चुनाव ड्यूटी में लगी रोडवेज बसों की कमी से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। घंटों इंतजार के बाद भी बसें नहीं मिल रही हैं। सबसे ज्यादा दिक्कत नैनीताल से हल्द्वानी जाने वाले यात्रियों के लिए हो रही है।

विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक काठगोदाम डिपो की बसें चुनाव ड्यूटी में लगाई गईं हैं, इससे डिपो को तो चुनाव आयोग की तरफ से भुगतान किया जा रहा है लेकिन यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। डिपो की अधिकांश बसें नैनीताल- हल्द्वानी रूट पर आती-जाती हैं तथा स्थानीय यात्री भी रोडवेज बसों के सहारे हैं।

सप्ताह का दूसरे शनिवार को बसों की कमी के कारण नैनीताल रोडवेज बस स्टैंड में यात्रियों को घंटो बसों का इंतजार करना पड़ा,यात्री बसों की खिड़कियों से अंदर घुसते हुए नजर आए जबकि कुछ यात्रियों को टैक्सियों में अधिक किराया देना पड़ा.बसों की कमी के चलते ऑनलाइन बस सेवा को भी बन्द कर दिया गया।



# बागेश्वर में खाई में गिरी कार हादसे में चार लोगों की मौत

**बागेश्वर**
हमारे संवाददाता

हादसे का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। मृतकों में तीन युवक एक ही गांव के थे।

उत्तराखंड के बागेश्वर में दर्दनाक हादसे की खबर है। यहां चिड़ंग के पास सुबह करीब पांच बजे एक कार खाई में जा गिरी। बताया जा रहा है कि हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, कार वड्यूड़ा सनेती (रीमा) से बागेश्वर आ रही थी। चिड़ंग के पास सुबह पांच बजे कार खाई में जा गिरी।

हादसे का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। मृतकों में तीन युवक एक ही गांव के थे। पुलिस, फायर और राजस्व विभाग की टीम मौके पर है।



# आज आधे अल्मोड़ा में ठप रहेगी जलापूर्ति

**अल्मोड़ा।** आज रविवार को आधे नगर की जलापूर्ति ठप रहेगी। मटेला पंप हाउस से आधे नगर को जलापूर्ति करने वाले एड्मस जलाशय को जोड़ने वाली पाइप लाइन की मरम्मत होनी है। ऐसे में लोगों को पानी के लिए प्राकृतिक जल स्रोतों की दौड़ लगानी होगी। नगर के लोगों की प्यास बुझाने के लिए बनी कोसी मटेला पंपिंग योजना की लाइन पुरानी हो चुकी है। जगह-जगह लाइन क्षतिग्रस्त होने से हजारों लीटर पानी लीक हो रहा है। जल संस्थान ने गर्मी में लोगों को जल संकट से मुक्ति दिलाने के लिए कोसी मटेला पंप हाउस से एड्मस जलाशय को जलापूर्ति करने वाली लाइन की मरम्मत का निर्णय लिया है। रविवार को इस पर काम शुरू होगा। ऐसे में धारानौला, खोल्टा, नियाजगंज, लाला बाजार, जाखनदेवी सहित नगर के अन्य हिस्सों में जलापूर्ति ठप रहेगी।

# बस की ट्रक से हुई भिड़ंत, गाड़ी अनियंत्रित होकर पलटी, 22 बच्चे घायल



**खटीमा**
हमारे संवाददाता

बस और ट्रक की भिड़ंत से बस में सवार बच्चों में चीख-पुकार मच गई। घायलों को खटीमा उप जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी की हालात सामान्य है।

खटीमा चटिया फार्म में मुख्यमंत्री के सभास्थल के लिए जा रही एक बस बिगराबाग चौराहे के पास ट्रक की टक्कर से अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में बस में सवार करीब 22 बच्चे घायल हो गए। घायलों को खटीमा उप जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी हालात सामान्य है। घटना की सूचना मिलते ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह भी घायल बच्चों का हालचाल जानने अस्पताल पहुंचे।

वहीं दूसरी तरफ घटना के बाद अस्पताल पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अस्पताल प्रशासन पर बच्चों के उपचार में लापरवाही का आरोप लगाया।

# नैनीताल में कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने किया जनसंपर्क





**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल- ऊधम सिंह लोक सभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी शनिवार को नैनीताल में कार्यकर्ताओं ने उनके स्वागत में भव्य मोटर साइकिल रैली निकाली। इसके बाद प्रकाश जोशी ने तल्लीताल धर्मशाला से मल्लीताल स्थित रामसेवक सभा तक जनसंपर्क किया। इस दौरान प्रकाश के साथ सैकड़ो की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

श्री रामसेवक सभा में जनता को संबोधित करते हुए प्रकाश जोशी ने कहा कि अजय भट्ट के पास केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री होने के साथ-साथ पर्यटन जैसा महत्वपूर्ण विभाग रहा इसके बावजूद भी अजय भट्ट ने पर्यटन के क्षेत्र में उत्तराखंड के लिए कोई विकास कार्य नहीं किए और प्रदेश को पर्यटन के क्षेत्र में उत्तराखंड को फायदा मिलता।

प्रकाश ने कहा अजय भट्ट जनता के विकास के लिए खर्च की जाने वाली सांसद निधि को भी पूरी तरह खर्च नहीं कर सके जिससे उनकी उदासीनता का पता चलता है। अजय भट्ट ने सांसद रहते जिन गांव को मॉडल गांव बनाने के लिए गोद लिए कभी उन गांव में नहीं गए।

इन पांच सालों में अजय भट्ट उत्तराखंड के लिए रक्षा कोरिडोर तक नहीं ला पाए ना नैनीताल में नई पार्किंग नहीं बनी।

कहा कि सरकार ने अग्निवीर योजना से युवाओं के सपने कुचल दिए और आजय भट्ट ने रक्षा राज्य मंत्री होने के बावजूद भी सरकार की इस गलत नीति का विरोध तक नहीं कर सके। रैली में नैनीताल पहुंचे हल्द्वानी के विधायक सुमित हृदयेश ने कहा 10 साल में कोई विकास कार्य नहीं हुए सरकार के विकास कार्य केवल विज्ञापन में दिखे। अजय भट्ट ने पर्यटन के लिए कुछ नहीं किया। अंकिता भंडारी को आज तक न्याय नहीं मिला सत्ता में काबिज रहने के लिए भाजपा धर्म के नाम पर बाट रही।

पूर्व विधायक संजीव आर्य ने कहा कि मोदी सरकार 400 सीट पर जीत की गारंटी दे रही है लेकिन 2014 के चुनाव में सरकार बनने के दौरान विदेशों से काला धन लाने तथा बेरोजगारों को रोजगार देने व महंगाई कम करने के वादे किए थे जो आज तकपूरे नहीं हुए हैं जिससे जनता परेशान है। संजीव ने जनसभा के दौरान वादा किया अगर देश में कांग्रेस की सरकार बनी तू देश में रिक्त चल रहे 30 लाख पदों में भर्ती की जाएगी। संजीव ने भाजपा की जीरो टॉलरेंस वाली सरकार पर जुबानी हमला करते हुए कहा कि नैनीताल में सीवर पाइपलाइन बिछाई जाने के नाम पर बड़ा घोटाला हुआ है। कांग्रेस धर्मए राम मंदिर के नाम नहीं विकाश के नाम पर वोट मांग रही है। अभियान के दौरान खष्टी बिष्ट, राहुल चिमवाल, सतीश नैनवाल,सचिन नेगी, अनुपम कबडवाल, डा. रमेश पांडेय, गोपाल बिष्ट, मुकेश जोशी, डा.सरस्वती खेतवाल, भावना बिष्ट, राजीव लोचन शाह, हिमांशु पांडे, दीपक रूवाली ,कैलाश अधिकारी, सूरज पांडे, कैलाश जोशी, त्रिभुवन सिंह फर्त्याल,मुन्नी तिवारी,कुंदन सिंह बिष्ट, सपना बिष्ट, रेखा आर्य, पुष्कर बोरा, निर्मल चंद्र भट्ट समेत अन्य लोग मौजूद रहेगा।



## शोध छात्रा ज्योति को पीएचडी पूर्ण करने पर दी शुभकामनाएं

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के वाणिज्य विभाग की शोध छात्रा ज्योति कुमारी ने विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ.विजय कुमार के निर्देशन में पीएचडी पूर्ण की। शनिवार को उनकी पीएचडी की मौखिकी परीक्षा प्रो. आर के सिंह निर्वतमान विभागाध्यक्ष एवम संकायाध्यक्ष वाणिज्य विभाग दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमी दिल्ली विश्वविद्यालय दिल्ली द्वारा ली गई।

बता दें कि ज्योति का शोध का विषय'टू स्टडी एमप्लाई रिटेंशन इन रिटेल सेक्टर विथ स्पेशल रिफ्रेंस टू एनसीआर' रहा। मौखिक परीक्षा में वाणिज्य संकाय के संकायाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष प्रो. अतुल जोशी समेत डॉ. आरती पंत, डॉ. विजय कुमार, डॉ. ममता जोशी, डॉ. निधि वर्मा, डॉ. हिमानी जलाल, डॉ. जीवन उपाध्याय, डॉ. विनोद जोशी, अंकिता आर्या, डॉ. तेज प्रकाश, डॉ.पूजा जोशी पालीवाल, रितिशा शर्मा, डॉ. गौतम रावत, पंकज भट्ट, ,अनिल ढैला,घनश्याम पालीवाल तथा विशन इत्यादि उपस्थित रहें।

दूसरी ओर कुमाऊँ विवि शिक्षक संघ (कूटा) के अध्यक्ष प्रो.ललित तिवारी तथा शोध निदेशक प्रो. एन. जी. साहू, संयुक्त निदेशक डॉ.मोहन लाल,सहायक निदेशक डॉ.दीप आर्या तथा डॉ.महेश आर्या ने भी डॉ विजय कुमार तथा ज्योति कुमारी को शुभकामना दी हैं।

## केएमवीएन ने शिव मंदिर परिसर किया पौधरोपण

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

पलेटा स्थित धूसाखान शिव मंदिर परिसर व मां जयंती के चरण स्थल में कुमाऊं मंडल विकास निगम के प्रबंधक दिनेश गुरुरानी ने निगम कर्मचारियों के साथ पौधारोपण किया। इस दौरान दिनेश गुरुरानी की पहल एक पौधा धरती मां के नाम के तहत विगत कई महीनों से उनके द्वारा डीडीहाट जाते समय धूसाखान शिव मंदिर परिसर में पौधारोपण किया जाता है,उनकी टीम के द्वारा खाद पानी देकर पौधों की देखभाल की गई। बता दें कि दिनेश गुरुरानी द्वारा जहां नैनीताल जाते समय गुरना देवी मंदिर परिसर में विगत कई समय से पौधारोपण किया जाता रहा है और आज उनके द्वारा लगाए गए पौधे बड़े हो रहे हैं। उसी क्रम में अब उनके द्वारा पलेटा शिव मंदिर परिसर में पौधारोपण का कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम में हर सिंह, शेर सिंह, गोपाल बिष्ट, वेद प्रकाश, विजय बोरा, नरेंद्र थापा तथा लक्ष्मण नाम सहित निगम कर्मचारी रहे।



## NEWS / फटाफट

### पर्यटक की बाइक दूसरी बाइक से टकराई, पर्यटक चोटिल

**नैनीताल।** नगर के हाईकोर्ट क्षेत्र में ओवरटेक करने के दौरान पर्यटक की बाइक दूसरी बाइक से टकराकर रपट गयी। हादसे में पर्यटक चोटिल होने के साथ ही दोनों बाइके क्षतिग्रस्त हो गयी। जिसके बाद दोनों पक्षो में विवाद भी हो गया। पर्यटक के उपचार के बाद किसी तरह पुलिस ने मामला शांत करवाया। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मल्लीताल निवासी दिनेश राणा शनिवार दोपहर सूखाताल क्षेत्र से नीचे की ओर आ रहा था। मनु महारानी होटल के समीप सामने से आ रही बाइक ओवरटेक करने के दौरान उसकी बाइक से टकरा गई। हादसे में दीपक राणा को मामूली चोटें आई जबकि दूसरी बाइक में सवार मेरठ निवासी मोहम्मद दानिश का हाथ टूट गया। राहगीरों ने दोनों युवकों को किसी तरह अस्पताल भेजा। उपचार के बाद दोनों को छुट्टी दे दी गयी।

### धूमधाम से मनाई गई अंबेडकर जयंती



**हल्द्वानी।** संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर विभिन्न संगठनों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए गए। अंबेडकर जयंती के मौके पर युवा जाटव समाज एकता अम्बेडकर मिशन के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण के नेतृत्व भव्य शोभायात्र निकाली गई। शोभायात्रा अंबेडकर नगर से शुरू होकर मंगलपड़ा स्थित अंबेडकर पार्क, कालू सिद्ध बाबा, प्रेम टॉकीज, राजपुरा, तिकोनिया, डिग्री कॉलेज के पास शोभायात्रा का समापन हुआ। शोभायात्रा में कार्यकर्ता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को याद करते हुए तख्तियों में नारे आदि लिखे हुए थे। वक्ताओं ने कहा कि हम सब को बाबा साहब अंबेडकर के बताए गए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। अंबेडकर ऐसे महापुरुष थे जिन्होंने देश की अखंडता एवं एकता के लिए सतत प्रयास किया, उन्होंने ऐसे संविधान का निर्माण किया जिसमें से सभी वर्गों को समानता का भाव मिले।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## जान हथेली पर रख बिना लाइफ जैकेट के झील में नौकायन कर रहे पर्यटक

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



नैनी झील में नौकायन करने वाले पर्यटकों की सुरक्षा के कोई इन्तजाम नहीं है। पर्यटक जान हथेली पर रखकर बिना लाइफ जैकेट के झील में नौकायन कर रहे हैं। वीकेंड पर शनिवार को नगर में पर्यटकों की भीड़ लगी रही,इस दौरान कई पैडल बोटो में पर्यटक बिना लाईफ जैकेट के नौकायन करते हुए नजर आए,लेकिन पालिका प्रशासन की ओर से इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा।

बता दें कि पर्यटकों की भीड़ बढने पर पालिका कर्मियों की ओर से बोट स्टैंड का निरीक्षण तो किया जाता है लेकिन यह अभियान महज चेतावनी देने तक ही सिमट कर रह गया है। बता दें कि पालिका कर्मियों की लापरवाही के चलते कभी भी कोई अप्रिय घटना घट सकती है। नौकायन के लिए पालिका की ओर से कुल 312 नावों का संचालन किया जाता है। जिसमें से 222 चप्पू जबकि 90 पैडल बोट शामिल है। मामले में नाव मालिक समिति के अध्यक्ष राम सिंह बिष्ट का कहना है कि पालिका की ओर से नाव संचालकों से लाइफ जैकेट के पैसे ले लिए गए हैं लेकिन उन्हें अभी तक कोई लाइफ जैकेट नहीं दी गई है। कहा कि पालिका की ओर से 2 साल पहले लाईफ जैकेट दी गई थी जिनकी हालत खऱाब हो चुकी है। दूसरी ओर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी राहुल आनंद का कहना है कि जल्द ही नाव संचालकों को नई लाइफ जैकेट वितरित की जाएगी,जो नाव संचालक बिना लाइफ़ जैकेट के नौकायन करवा रहे हैं उन पर कार्रवाई की जाएगी।पुरानी लाइफ जैकेटों की स्थिति इतनी गंभीर नहीं है कि उन्हें इस्तेमाल नहीं किया जा सके।

## जनपद में पुलिस की शराब तस्करों के खिलाफ तांडव तोड़ छापेमारी, हड़कंप

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

जनपद में अवैध शराब के खिलाफ की जा रही पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई से माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। कोतवाली पुलिस ने अलग अलग स्थानो से एक महिला सहित सात शराब तस्करों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में कच्ची शराब का जखीरा बरामद किया। एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी के दिशा निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले भर में अवैध शराब विरोधी अभियान चलाया जा रहा है। इसी कार्रवाई के दौरान कोतवाली पुलिस रुद्रपुर ने कार्रवाई के दौरान बिंदुखेड़ा, बगवाड़ा और रम्पुरा आदि क्षेत्रें में ताबड़तोड दबिश दी। पुलिस ने एक महिला समेत 7 शराब तस्करों को गिरफ्तार किया। सभी के पास से कच्ची शराब का जखीरा बरामद हुआ। कोतवाल धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि शराब तस्करों पर शिकंजा कसा जा रहा है। गिरफ्तार तस्करों पर कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार तस्करों में सोनी सिंह पुत्र पाल्ला सिंह निवासी खेमपुर भट्टा रुद्रपुर। गुरमीत सिंह पुत्र स्व0प्रेम सिंह बगवाड़ा। जागवती काली मन्दिर रम्पुरा, शम्भू पाल आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी रुद्रपुर, सुरेन्द्र प्रसाद उर्फ बिट्टू निवासी रायपुर रुद्रपुर, वजीर कोली वार्ड न0 22 केदारनी चौक रम्पुरा, अमरजीत सिंह उर्फ अट्टी निवासी बिन्दुखेडा रुद्रपुर शामिल हैं। टीम में प्रभारी निरीक्षक के अलावा एसएसआई केसी आर्या, बाजार पुलिस चौकी प्रभारी पंकज सिंह महर, चौकी प्रभारी रम्पुरा नवीन बुधानी, चौकी प्रभारी बगवाड़ा जितेन्द्र कुमार, एएसआई नवीन जोशी, अमित सिंह,हरीश कुमार, विजय दरमाल, महेन्द्र सिंह, दिनेश सिंह, कृष्णा टम्टा,रघुनाथ सिंह,अनीशा आर्या आदि शामिल रहे।

# अभिमत

## उम्मीद पर पानी

*राजनीति के जानकार एक बात जरूर कह रहे हैं कि दूसरी पार्टियों से आने वालों को चुनाव में टिकट देने से भाजपा काडर के नेताओं में नाराजगी देखी जा रही है। जनसंघ, जनता पार्टी और फिर भाजपा में जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले कई नेता चुनाव में टिकट चाहते थे, लेकिन दलबदल करके आने वालों को टिकट देने से उनकी उम्मीद पर पानी फिर गया। भाजपा संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि दलबदल करके आने वाले को 'बाहरी' नहीं कहा जा सकता है, जब वह भाजपा में शामिल हो गया तो संगठन का हिस्सा हो जाता है। चुनाव में टिकट देने का फार्मूला सिर्फ और सिर्फ जीतने वाले पर फिट बैठता है। यह जरूरी नहीं है कि भाजपा काडर के वरिष्ठ और अनुभवी लोग चुनाव जीत सकते हैं।*

दलबदल निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। चुनाव नजदीक आने पर नेताओं में उछलकूद बढ़ जाती है। मौके की तलाश में बैठे नेता पाला बदल लेते हैं। इस बार भाजपा में आने वालों को तांता जैसा लग गया है। भाजपा के पुराने नेताओं की प्रतिक्रिया भी सामने आने लगी है। कांग्रेस और उसके गठबंधन में शामिल पार्टियों के नेताओं को भाजपा में सुरक्षित भविष्य नजर आ रहा है। भाजपा पर दलबदल के लिए मजबूर करने का आरोप नहीं लगाया जा सकता है। संगठन का विस्तार करने के लिए अन्य पार्टियों के नेताओं को शामिल किया जा रहा है। भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है। राजनीति के जानकार एक बात जरूर कह रहे हैं कि दूसरी पार्टियों से आने वालों को चुनाव में टिकट देने से भाजपा काडर के नेताओं में नाराजगी देखी जा रही है। जनसंघ, जनता पार्टी और फिर भाजपा में जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले कई नेता चुनाव में टिकट चाहते थे, लेकिन दलबदल करके आने वालों को टिकट देने से उनकी उम्मीद पर पानी फिर गया। भाजपा संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि दलबदल करके आने वाले को 'बाहरी' नहीं कहा जा सकता है, जब वह भाजपा में शामिल हो गया तो संगठन का हिस्सा हो जाता है। चुनाव में टिकट देने का फार्मूला सिर्फ और सिर्फ जीतने वाले पर फिट बैठता है। यह जरूरी नहीं है कि भाजपा काडर के वरिष्ठ और अनुभवी लोग चुनाव जीत सकते हैं। वरिष्ठ नेताओं के अनुभव का सदुपयोग पार्टी संगठन में किया जाता है। भाजपा के अतिरिक्त अन्य पार्टियों में भी एक सीट से टिकट के कई दावेदार होते हैं। पार्टी हाईकमान विभिन्न स्तरों पर दावेदारों के बारे में रिपोर्ट मंगवाता है। शैक्षिक योग्यता, वरिष्ठता और आर्थिक रूप से संपन्न होने पर भी बहुत से लोगों को टिकट नहीं मिलता है। चुनाव जीतने का दम रखने के कारण कई बार आपराधिक आरोप वाले बाहुबलियों को टिकट मिल जाता है, इस मामले में कोई भी पार्टी दूध की धुली नहीं है। इस बार के चुनाव में भी नामांकन पत्रों का अवलोकन करने पर पता चला है कि प्रत्याशियों के खिलाफ दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं। शैक्षिक योग्यता की बाध्यता नहीं होने से मामूली पढ़ा-लिखा भी एमपी और एमएलए बन जाता है। समाजसेवा और जमीनी स्तर पर पार्टी संगठन के लिए कार्य करने वाले कम पढ़े-लिखे भी अच्छे जनप्रतिनिधि साबित होते रहे हैं, इसी लिए शैक्षिक योग्यता का सख्ती से पालन नहीं किया जाता है। चुनाव जिताऊ का टिकट देना भी उचित है, लेकिन अपराधी प्रवृत्ति के लोगों को टिकट देना लोकतंत्र के लिए घातक है। अपराधियों का बोलबाला होने से योग्य युवाओं और अच्छी छवि के लोगों का राजनीति से मोहभंग होता जा रहा है। मेधावी युवा इंजीनियर, डाक्टर, अधिकारी बनने में भविष्य सुरक्षित मान रहे हैं।

# इतिहास, सिनेमा और साहित्य पर अतिथि व्याख्यान

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**



कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के इतिहास विभाग ने शनिवार को इतिहास, सिनेमा और साहित्य एक रचनात्मक संवाद के दिलचस्प अंतर्संबंध पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य इन तीनों क्षेत्रों के बीच परस्पर क्रिया की गहरी समझ को बढ़ावा देना था और इसमें छात्रों तथा गुरुजनों और इतिहास के शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर प्रख्यात वक्ताओं में रवींद्र भारती विश्वविद्यालय कोलकाता (पश्चिम बंगाल) के इतिहास विभाग के प्रो. हितेंद्र पटेल और सिद्धो कान्हो बिरसा विश्वविद्यालय, पुरीला, पश्चिम बंगाल की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. नंदिता बनर्जी शामिल थीं। कार्यक्रम का संचालन कुमाऊं विश्वविद्यालय की डॉ. शिवानी रावत ने किया और इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. संजय घिल्डियाल ने कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते हुए इतिहास में साहित्य की प्रासंगिकता पर व्याख्यान दिया। इस मौके पर प्रो. हितेन्द्र पटेल ने ऐतिहासिक लेखन में लोकप्रिय साहित्य के दायरे और विशेषताओं पर अपने व्याख्यान के साथ सत्र की शुरुआत की। उन्होंने क्षेत्रीय इतिहास के अपार महत्व पर जोर दियाए इस बात पर प्रकाश डाला कि यह अतीत की हमारी समझ को कैसे समृद्ध करता है।

प्रो. पटेल ने कहा कि साहित्यिक अंतर्दृष्टि ने ऐतिहासिक आख्यानों और समकालीन साहित्य में उनके महत्व पर एक नया दृष्टिकोण प्रदान किया, जबकि डॉ.नंदिता बनर्जी ने भारतीय सिनेमा में महिलाओं के चित्रण पर विशेष ध्यान देते हुए ऐतिहासिक विकास पर चर्चा की। उन्होंने महिलाओं को अपनी चर्चा के केंद्र में रखकर सिनेमा की परिवर्तनकारी भूमिका पर प्रकाश डाला यह दर्शाते हुए कि पिछले कुछ वर्षों में सिनेमा ने कैसे प्रगति की है। उन्होंने भारतीय सिनेमा में महिलाओं के विकसित प्रतिनिधित्व पर शोड की सम्भावना पर भी चर्चा की। कार्यक्रम का समापन करते हुए डॉ. रीतेश साह ने वक्ताओं के बहुमूल्य योगदान के लिए आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन दिया। डॉ. साह ने प्रो. पटेल और डॉ. बनर्जी द्वारा साझा की गई गहन अंतर्दृष्टि पर चर्चा करते हुए कहा कि हमारे क्षितिज का विस्तार करने सिनेमा और साहित्य का महत्वपूर्ण योगदान हो सकता है और ऐतिहासिक व अन्तर्विषयी शोध में इस पर अनंत संभावनायें है। इस अवसर पर प्रो. सावित्री कैड़ा जन्तवाल, प्रो. ज्योति जोशी, प्रो निर्मला ढैला, डॉ हरिप्रिया, डॉ गगनदीप होठी, डॉ मनोज बाफिला, डॉ पूरन आधिकारी, डॉ भुवन शर्मा सहित शिक्षक तथा शोधार्थी व विद्यार्थी उपस्थित थे।

## 24 घण्टे से धधक रहे बल्दियाखान और पटवाडांगर के बीच जंगल

**नैनीताल।** जिला मुख्यालय नैनीताल के समीपवर्ती बल्दियाखान व पटवाडांगर के बीच जंगल में आग लगने से जंगल 24 घण्टे से धधक रहे हैं। सडक् के ऊपरी क्षेत्र में आग लगने के कारण सडक् में पत्थर गिरने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वही दूसरी ओर वन विभाग की टीम मौके पर जुटी है लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। बता दें कि शुक्रवार को रात नौ बजे बल्दियाखान- पटवाडांगर रोड के ऊपरी जंगल क्षेत्र में किसी अराजक तत्व ने आग लगा दी। हवा चलने के कारण आधे घण्टे में आग जंगल में फैल गई। चीड़ का जंगल होने के कारण आग तेजी से जंगल में फैल गई। जिसके चलते जंगल धधकने लगी। राहगीरों ने देर रात वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम मौके पर मौजूद है लेकिन आग पर बीते 24 घण्टे से काबू नहीं पाया जा सका है। नैनीताल वन प्रभाग के मनोरा वन रेंज के वन क्षेत्राधिकारी मुकुल शर्मा ने बताया कि टीम मौके पर मौजूद है।

# मोहन खेड़ा के प्रयासों से दर्जनों भाजपाई कांग्रेस में शामिल हुए

**रुद्रपुर**
**हमारे संवाददाता**

कांग्रेस की रीति नीति से प्रभावित होकर निकटवर्ती धर्मपुर गांव में दर्जन लोगों ने भाजपा छोड़ कांग्रेस का हाथ थाम लिया। पूर्व पार्षद मोहन खेड़ा के प्रयासों से कांग्रेस में शामिल होने वाले लोगों का नैनीताल ऊधम सिंह नगर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी समेत अन्य पार्टी कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।





**स्वागत**
- पार्टी में शामिल सभी का किया गया स्वागत

इस दौरान कांग्रेस प्रत्याशी ने कहा कि कांग्रेस समाज के सभी वर्गों का सम्मान करती है और सदैव सभी वर्गों के उत्थान के लिए प्रयासरत रहती है। उन्होंने कहा कि लोगों का भाजपा से मोह भंग हो रहा है क्योंकि भाजपा धर्म के आधार पर राजनीति करती है विकास की सोच सिर्फ कांग्रेस के पास है और कांग्रेस एक विशाल परिवार की तरह है जहां सभी धर्म का सम्मान किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस बार जनता भाजपा को करारा जवाब देगी। पूर्व पार्षद मोहनखेड़ा ने कहा कि भाजपा ने 10 वर्ष तक जनता के हितों के साथ खिलवाड़ किया है लेकिन अब जनता भाजपा के बहकावे में नहीं आने वाली और कांग्रेस प्रत्याशी को ऐतिहासिक जीत दिलाएगा। इस दौरान जिला अध्यक्ष हिमांशु गाबा, पूर्व पालिकाध्यक्ष मीना शर्मा, अनिल शर्मा, संदीप सीमा समेत अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे। उधर कांग्रेस में शामिल होने वालों में ग्राम-धर्मपुर से शेखर विश्वास, कन्हैया लाल, सुरेन्द्रपाल (पाली), विकास बिष्ट,पवन बिष्ट, आनन्द सिंह बिष्ट, गिरीश चन्द्र जोशी, हरीश प्रकाश, हरीश भाकुनी, प्रेम प्रकाश तिवारी, रजत गिरी, वीरपाल गिरी, आयुष चौधरी, रजत कुमार, हिमांशु सीनारी आदि है।

# फिल्मी दुनिया

## सात हजार लोगों के ऑडिशन से तलाशे गए 15 कलाकार



*तेवर और बधाई हो जैसी फिल्मों का निर्देशन कर चुके निर्देशक अमित रविंद्रनाथ शर्मा की फिल्म मैदान गुमनाम नायक सैयद अब्दुल रहीम की सच्ची कहानी पर आधारित है। सैयद अब्दुल रहीम के नेतृत्व में भारतीय फुटबॉल टीम ने अपना स्वर्णिम युग देखा और इस फिल्म में 1951 और 1962 के एशियाई खेलों के दौरान भारतीय टीम के जुझारूपन को दर्शाया गया है। फिल्म 'मैदान' के निर्देशक अमित रविंद्रनाथ शर्मा से एक खास बातचीत। यह विचार बोनी कपूर का था। उन्होंने ही मुझे सैयद अब्दुल रहीम के बारे में बताया। मुझे लगा कि जब मुझ जैसे जागरूक फिल्मकार को ही उनके बारे में नहीं पता है तो बहुत सारे दूसरे लोगों को भी उनके बारे में नहीं पता होगा। मैंने कई लोगों से उनके बारे में बात भी की लेकिन ज्यादातर लोगों को कुछ नहीं पता था। तब मैंने फैसला किया कि इस गुमनाम नायक की कहानी मैं परदे पर लेकर जरूर आऊंगा। हां, जब फिल्म का विषय मुझे पता चला, तभी मुझे लग गया था कि ये फिल्म बनाना आसान नहीं होगा क्योंकि इसके लिए मुझे बहुत शोध करना पड़ेगा और लोगों से मिलना पड़ेगा। उस समय के जो खिलाड़ी रहे हैं, उनमें से काफी लोगों से हमने मुलाकात की भी। पी के बनर्जी, अरुण घोष, चुन्नी गोस्वामी, बलराम के अलावा अब्दुल रहीम के बेटे हकीम से भी खूब बातें हुईं। आज भी सारे खिलाड़ी रहीम साहब को बहुत इज्जत के साथ याद करते हैं। इन खिलाड़ियों के लिए तो रहीम साहब उनके फुटबॉल के भगवान है।*

### चुनना कितना मुश्किल रहा

*मेरे इस फिल्म से जुड़ने से पहले ही अजय देगन ने बोनी कपूर से फिल्म की कहानी सुन ली थी। वह पहले ही हां कर चुके थे। बस शर्त उनकी यही थी कि फिल्म की पटकथा पूरी हो जाने के बाद ही वह इस पर अंतिम फैसला करेंगे। अजय को लेकर मेरे दिमाग मे उनकी 'सिंघम' वाली छवि थी लेकिन उन्होंने जिस तरह से खुद को सैयद अब्दुल रहीम के किरदार में परिवर्तित किया है, वह उनके अलावा और कोई नहीं कर सकता। इस फिल्म के लिए हमें 15 ऐसे लोग चाहिए थे, जो अच्छे खिलाड़ी भी हों और अच्छे अभिनेता भी। साथ ही उनका असल खिलाड़ियों जैसा दिखना भी जरूरी थी।*

# पंजाबी जनकल्याण समिति में धूमधाम से मनाई बैसाखी

**हल्द्वानी**
**हमारे संवाददाता**



पंजाबी जनकल्याण समिति द्वारा बैसाखी पर्व का आयोजन अनाथालय मिशन इंडिया होम, फतेहपुर, हल्द्वानी में किया गया । संस्था ने इस साल बैसाखी को कुछ अलग स्वरूप में मनाने के लिए अनाथ असहाय बच्चों के साथ धूमधाम से बैसाखी का आयोजन किया ।

संस्था संरक्षक सुभाष मोंगा ने बताया कि हर साल पंजाबी संस्था पिछले कई वर्षों से बैसाखी पर्व पर कुछ ना कुछ कार्यक्रम आयोजित करती आ रही है। हल्द्वानी पंजाबी जनकल्याण समिति द्वारा मिशन इंडिया होम संस्था को करीब एक माह का राशन सेवा में भेंट किया व सभी बच्चों एवं स्टाफ के साथ जल पान किया । बच्चों द्वारा गायन एवं नृत्य की प्रस्तुति भी दी गई। ढोल की थाक पर बच्चों ने खूब आनन्द लिया । मिशन इंडिया होम संस्था की अध्यक्ष बिंदु ने बताया की वह लगभग 20 साल से इस संस्था को चला रहे हैं, जिसमें 20 साल पहले पांच बच्चों से यह अनाथालय शुरू हुआ था और अभी यहां 16 बच्चे मौजूद हैं, जिनकी देखरेख, सेहत, खाना पढ़ाई, आदि सभी चीजों का जिम्मा संस्था उठा रही है । अध्यक्ष बिंदु ने पंजाबी समाज का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि ऐसी संस्थाओं के सहयोग से ही वह अपना अनाथालय चला पा रहे हैं । कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष प्रदीप कक्कड़, उपाध्यक्ष संजीव आनन्द, महामंत्री मुकेश ढींगरा, संयुक्त सचिव उमंग वासुदेवा, कोषाध्यक्ष अवनीश राजपाल, जितेंद्र साहनी, अशोक राजपाल, हरिमोहन अरोड़ा, डॉ. अतुल राजपाल, अंकुर मोंगा, पंजाबी वूमेन क्लब की अध्यक्ष रश्मि राजपाल, नीति थरेजा, गुंजन सडाना, आदि उपस्थित रहे ।

**यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ आज राजधानी देहरादून में चुनाव प्रचार गरमाएंगे। देहरादून के अलावा वह श्रीनगर गढ़वाल में भी जनसभा करेंगे। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज राजधानी देहरादून के बन्नू स्कूल में जनसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने बताया कि रविवार दोपहर उप्र के सीएम योगी आदित्यनाथ बन्नू स्कूल स्थित सभा स्थल पर पहुंचकर लोगों को संबोधित करेंगे।**





# उत्तराखंड की पावन धरती को शत शत नमन: सीएम योगी

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता




उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हल्द्वानी में विजय संकल्प रैली में भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि देश में विकास तथा विश्व की तीसरी आर्थिक शक्ति बनाने के लिए मोदी को सत्ता में आना जरूरी है। उन्होंने कहा कि वह उत्तराखंड की पावन धरती को शत शत नमन करते क्योंकि इस धरती में गोविंद बल्लभ पंत, नारायण दत्त तिवारी और हेमवंती नंदन बहुगुणा जैसे मुख्यमंत्री को जन्म दिया ।

उन्होंने कहा कांग्रेस नक्सलवाद, अलगावावाद, आतंकवाद, जातिवाद, भ्रष्टाचार इन सबकी देन है । इन सब समस्याओं का समाधान भाजपा के पास है। उन्होंने कहा कि मैंने यही जन्म लिया है। यहां पानी लाने के लिए काफी दूर जाना पड़ता था पीएम मोदी ने इस समस्या का समाधान हर घर जल हर घर नल के माध्यम से किया है 100 में से 90 प्रतिशत घरों में नल से पानी पहुंचा दिया। उन्होंने गुंडागर्दी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि इनके लिए 2 ही जगह हैं जेल और जहनुम। कुछ लोग यूपी में अपराध करने के बाद उत्तराखंड भाग कर आते थे लेकिन मैं उन्हें इस लायक नही छोड़ता हूँ कि वह उत्तराखंड की पवित्र भूमि को छू सके। उन्होंने नैना देवी, नंदा देवी, शीतला देवी और हर हर महादेव के नारों के उदघोष किया।

उन्होंने कहा कि अयोध्या ओर मथुरा का विवाद कांग्रेस ने ही खड़ा किया। सुप्रीम कोर्ट में एफिडेविट देकर राम और कृष्ण के अस्तित्व को ही नकार दिया। हमने राम और कृष्ण को माना है इसलिए भव्य राम मंदिर का निर्माण किया है उत्तराखंड में बदरीनाथ केदारनाथ को नया स्वरूप दिया है। योगी ने कहा कि यूपी को बमबाज प्रदेश बताया जाता था लेकिन आज कांवर में बम बोले का जयघोष के साथ पुष्प वर्षा होती है।

यह सब परिवर्तन भाजपा सरकारों ने आपके वोट की ताकत से किया है। इस लिए आप से मोदी की सरकार के लिए पांचो सीटों पर 5 कमल खिलाने हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए योगी ने कहा कि कांग्रेस के समय जातिवाद की राजनीति होती थी, अराजकता का राज होता था, तुष्टिकरण की राजनीति होती थी। आज जो परिवर्तन देखने को मिला है वो आपके वोट ने किया है। आज मोदी के नेतृत्व में एक भारत श्रेष्ठ भारत के दर्शन हो रहे हैं इस दौरान भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने योगी और धामी की तारीफों के पुल बांधे और कहा कि यूसीसी और नकल विरोधी कानून बनाकर सीएम पुष्कर सिंह धामी ने इतिहास बना दिया है। भट्ट ने जमरानी बांध को मंजूरी मिलने को बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि अगर में दोबारा सांसद में जाता हूं तो प्रदेश और क्षेत्र की नाक नीची नहीं होने दूंगा।

सीएम पुष्कर धामी ने कहा कि योगी ने यूपी में जो कार्य किए हैं उनकी धमक देश दुनिया में हैं। आज सभी लोग उन्हें बुलडोजर बाबा के नाम से जानने लगे हैं। एक समय यूपी को बीमारू राज्य के रूप में जाना जाता था। अब यूपी उत्तम प्रदेश और उत्कृष्ट प्रदेश बन गया है। सीएम धामी ने कहा कि इस बार राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी भी हमें करनी है। हमने समान नागरिक संहिता विधेयक पारित किया। नकल विरोधी कानून लागू किया, लैंड जिहाद के खिलाफ कार्यवाही की, धर्मांतरण विरोधी कानून और दंगा विरोधी कानून हम लेकर आए हैं।

दंगे में हुए नुकसान की भरपाई दंगा करने वाले भरेंगे। इस मोके पर केबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, विधायक बंशीधर भगत, डॉ मोहन बिष्ट, सरिता आर्या, राम सिंह केडा, प्रदेश महामंत्री खिलेन्द्र चौधरी, जिला सह प्रभारी विवेक सक्सेना, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया, पूर्व पालिकाध्यक्ष रेनू अधिकारी, तरुण बंसल, बलराज पासी, डॉ अनिल डब्बू, प्रदीप बिष्ट आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह बिष्ट ने किया।

# देश की सेवा के लिए तैयारी करने वाले युवाओं के साथ सबसे बड़ा धोखा

रामनगर
हमारे संवाददाता



रामनगर में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने अग्निवीर योजना को देश की सेवा के लिए तैयारी करने वाले युवाओं के साथ सबसे बड़ा धोखा बताया है।

लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी रामनगर पहुंचीं। प्रियंका गांधी का रामनगर में कार्यकर्ताओं ने फूल देकर स्वागत किया। रामनगर के पीरुमदारा में जनसभा को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने बीजेपी और पीएम नरेंद्र मोदी पर हमला बोला। प्रियंका गांधी ने कहा कि उत्तराखंड की जनता से भाजपा को कोई प्रेम नहीं है, केवल दिखावे की बातें हैं। यहां के नौजवानों को अग्निवीर जैसी योजना देना पीएम का प्रेम दिखता है कि वह कितना प्रेम करते हैं। रामनगर में जनसभा को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने अग्निवीर योजना को देश की सेवा के लिए तैयारी करने वाले युवाओं के साथ सबसे बड़ा धोखा बताया। उन्होंने कहा कि एक तरफ पेपर लीक जैसी घटनाओं ने युवाओं का मनोबल तोड़ा है तो वहीं बढ़ती बेरोजगारी ने प्रदेश के युवाओं को पलायन के लिए मजबूर किया है। उन्होंने कहा कि जहां उत्तराखंड में अंकिता भंडारी के आरोपियों को संरक्षण दिया जा रहा है। वहीं उन्नाव में एक लड़की को भी सड़क पर जिंदा जला दिया जाता है। इस दौरान प्रधानमंत्री का मुंह नहीं खुलता।

## कुंडा पुलिस ने यूपी से असलहा लेकर आ रहा कार सवार को दबोचा



रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जनपद पुलिस अपराधियों पर सख्ती से कार्रवाई कर रही है। इसी कार्रवाई के तहत थाना कुंडा पुलिस ने यूपी से असलहा लेकर आ रहा कार सवार को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से दो अदद अवैध तमंचे व भारी मात्रा में कारतूस बरामद किए।

पुलिस ने पूछताछ के बाद पकड़े गए व्यक्ति का शस्त्र अधिनियम के अंतर्गत चालान कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक संसदीय चुनावों के दृष्टिगत थाना कुंडा के निरीक्षक विक्रम राठौर के नेतृत्व में पुलिस टीम मंडी चौकी के नजदीक मुरादाबाद रोड पर वाहनों की सघन जांच पड़ताल कर रही। इसी दौरान पुलिस ने मार्ग से होकर फर्राटा भर रही एक स्विफ्ट डिजायर कार संख्या यूपी 25 बीएच/2138 को शक कू आधार पर रोक लिया। पुलिस ने कार सवार व्यक्ति से सख्ती से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम वार्ड नंबर 14 तहसील ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी कफील अहमद पुत्र अहमद जान बताया।

पुलिस ने कार की तलाशी ली तो ड्राइवर की सीट के नीचे पैर के पास बिछी मैटी के नीचे 315 बोर का एक तमंचा, दो जिंदा कारतूस के अलावा एक खाली कारतूस समेत 22 बोर का एक और अवैध तमंचा तथा 17 जिंदा कारतूस बरामद हुए। पूछताछ के बाद पुलिस ने गिरफ्तार कार सवार व्यक्ति का शस्त्र अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया। एसपी काशीपुर अभय सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जनपद पुलिस राज्य की सीमा से सटे यूपी से आने वाले पर कड़ी नजर रखे है।

## बैसाखी का पर्व पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित

**नैनीताल।** शनिवार को बैसाखी का पर्व धूम धाम से मनाया गया। बैशाखी व 325वें खालसा साजना दिवस पर मल्लीताल स्थित गुरुद्वारे में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये गए जिसमें कीर्तन से संगत निहाल हुई साथ ही सैकड़ों लोगों ने लंगर छका।

बता दे कि 325वीं खालसा साजना दिवस के को लेकर बीते गुरुवार से गुरुद्वारे में गुरु सिंह सभा की ओर से अखंड पाठ साहिब का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार सुबह गुरुद्वारे में अखंडपाठ साहिब के भोग पढ़ी, तत्पश्चात कीर्तन दरबार सजाया गया।

## निवर्तमान पार्षद विद्या व यूथ कांग्रेस नेता हृदयेश ने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता



नगर निगम के वार्ड-37 की निवर्तमान पार्षद विधा देवी व यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव हृदयेश कुमार आर्य ने 40 से अधिक समर्थकों के साथ भाजपा ज्वाइन कर ली है।

भाजपा प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम व प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने उन्हें पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। सदस्यता लेने वालों में पूर्व वार्ड मेम्बर कमला देवी, जिला महासचिव युवा कांग्रेस वीरेंद्र बिष्ट, विधानसभा क्षेत्र सचिव पंकज अधिकारी, जिला सचिव रवि आर्य, जिला महासचिव मनीष आर्य, महिला कांग्रेस महामंत्री भावना रावत, बसंती देवी, रूपा देवी, राकेश कोहली, पंकज कुमार आदि शामिल हैं। इस मौके पर भाजपा प्रदेश महामंत्री राजेंद्र बिष्ट, प्रदेश प्रवक्ता प्रकाश रावत, जिलाध्यक्ष नैनीताल प्रताप बिष्ट, निवर्तमान महापौर जोगेंद्र पाल रौतेला जी, रेनू अधिकारी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष आनंद सिंह दरम्वाल, मंडल अध्यक्ष काठगोदाम किशोर जोशी, देवी दयाल उपाध्याय आदि मौजूद थे।

# शांतिभंग की आशंका में सैकड़ों लोग पाबंद

उत्तरांचल दीप
सलीम खान, हल्द्वानी

गैरों पे करम अपनो पर सितम ये जाने वफा ये जुल्म न कर ये जुल्म न कर पुलिस ने उन लोगो पर 116 की कार्यवाई की है जिनका कोई भी आपराधिक नही है। इसे में सीधे साधे लोगो को पुलिस की यह करवाई गले नहीं उतर रही। जिन लोगों पर यह कार्रवाई हुई है वह पुलिस से काफी क्षुब्ध है। लोगों का कहना है कि पुलिस सीधे-साधे लोगों को जबरदस्ती अपराधी बन रही है पुलिस अपराधियों को पकड़ने की जगह नए अपराधी बना रही है ऐसे में वह वोट कैसेकरें आगामी लोक सभाचुनाव में गड़बड़ी की



आशंका को देखते हुए पुलिस ने तीन दर्जन लोगों को पाबंद कर दिया है। आशंका व्यक्त की गई है कि उक्त लोग अपने समर्थित प्रत्याशी को चुनाव जिताने के लिए शांति व्यवस्था में बाधक बन सकते हैं। उत्तराखंड में 19 अप्रैल को मतदान होना है। ऐसे में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस पूरी सख्ती बरत रही है। चुनाव में शांति भंग की आशंका को देखते हुए वनभूलपुरा पुलिस ने क्षेत्र के 37 लोगों को पाबंद किया है। इस संबंध में नगर मजिस्ट्रेट ने सभी लोगों को धारा 11 के तहत नोटिस भेजकर स्थिति स्पष्ट करने के निर्देश दिए थे। नगर मजिस्ट्रेट के आदेश पर वनभूलपुरा पुलिस ने 37 लोगों को पाबंद किया है।

### इन्हें किया गया है पाबंद

अब्दुल राजिक निवासी लाइन नंबर 8, गुरफान निवासी लाइन नंबर 8, अब्दुल वफा निवासी लाइन नंबर 12, रहीमुल हसन निवासी लाइन नंबर 8, अब्दुल कादिर निवासी लाइन नंबर 8, इदरीश निवासी लाइन नंबर 12, राशिद निवासी लाइन नंबर 12, संजय निवासी गांधीनगर, इमरान निवासी लाइन नबर 1, बबलू सोनकर निवासी गांधीनगर, नीरज निवासी गांधीनगर, योगेश राजौर, अजय राजौर, सुमित, रोहित, अमरदीप, परितोष, रजत, संजय, विकास, अंकुश चौधरी, ऋषि सागर, अरूण निवासी गांधी नगर, इमरान, उस्मान,, शाहरूख, जीशान, रिजवान निवासी लाइन नंबर 8, रेहान अंसारी निवासी लाइन नंबर 12, सरताज हुसैन, मो. हसीब, खुर्शीद, फरमान निवासी लाइन नंबर 1 और जावेद उर्फ बाबर निवासी गांधी नगर